जैन मुनि श्री रत्नचन्द्रजी महाराज के अविश्रान्त परिश्रम का फल यह कोष है। आपका जन्म संवत् १६३६ वैशाख शुक्ल १२ गुरुवार को कच्छ देश में मुंद्रा नगर के पास भारोरा नामक ग्राम में हुआ। आपकी मातेश्वरी का नाम लक्ष्मीबाई और पिताजी का नाम वीरपाल शाह था। गुजराती भाषा की छः पुस्तकों का अध्ययन करने के अनन्तर आप अपने जेठ बन्धु के साथ कुलक्रमागत प्रणाली के अनुसार वाणिज्य व्यापार में कुशलता प्राप्त करने के हेतु केवल बारहवें वर्ष ही में बम्बई, बेलापुर (दक्षिण) सनावद (मालवा) आदि व्यापार स्थानों में भेजे गये, वहां आपने धान्यादि का व्यापार किया। आपका विवाह-संस्कार १३ वें वर्ष हुआ। गृहस्थाश्रम में तीन वर्ष भी व्यतीत न हो पाये थे कि आपकी सहधर्मिणी ने अपने स्मारक स्वरूप केवल एक कन्या को छोड़ इस असार संसार का सदैव के लिये परित्याग कर दिया, और इस प्रकार अपने वियोग से महाराज श्री के सहज परम गुण वैराग्य को परिपूर्ण करने में सहायता दी। महाराज श्री के हृदय में वैराग्य का पूर्ण प्रादुर्भाव तो था ही अपनी धर्मपत्नी के विछोह से आपको अपने इस उत्तम उत्पन्न सहज गुण की वृद्धि करने का अवसर प्राप्त होगया और असह्य शोक तथा क्षोभ के स्थान में वैराग्य-वासना ने अपना उत्तरोत्तर बढ़ता हुआ अधिकार जमाया और मुनि श्री रत्नचन्द्रजी महाराज को साधुत्व ग्रहण करने में सहायता दी। साधुत्व अङ्गीकार करने के पूर्व आपने कुछ समय साधुत्व सम्बन्धी आवश्यक तत्वों के ग्रहण करने में व्यतीत किया। दीक्षा स्वरूप महान् संकल्प ग्रहण करने में आप को विशेष आपत्ति न हुई। "प्रसादचिन्हानि पुरः फलानि" क्योंकि आपके पूज्य पिताजी तथा ज्येष्ठ भ्राता वाणिज्य व्यापार द्वारा आजीविका करते हुए भी ऐसे शुभ तथा महान् पुण्य कार्य में मनाही न करने का सत्य सङ्कल्प पहिले ही कर चुके थे। यह असाधारण सुविधा होने पर भी माता के अपार और अगाध प्रेम के कारण महाराज श्री को इस निमित्त आज्ञा तुरन्त न मिल सकी। इस प्रकार एक वर्ष पर्यन्त आपने सांसारिक मनुष्य की भांति जीवन व्यतीत करते हुए दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, थोकड़े इत्यादि का अध्ययन दत्तचित्त होकर किया और इसी अवधि में आपने अपने तीव्र वैराग्य भावों का दृश्य इस प्रकार प्रत्यक्ष किया कि स्वयं, पूज्य माताजी ने उन्हें दीक्षा ग्रहण करने के लिये अनुमति प्रदान कर दी। इस प्रकार आपने संवत् १६५३ के जेठ शुक्ल ३ के दिन पूज्यपाद श्री १००८ श्री गुलाबचन्द्रजी स्वामी (लींबड़ी संप्रदाय) के समीप अपनी उमर के १७ वें वर्ष में परम पवित्र दीक्षा ग्रहण की। दीक्षित होने के पश्चात् शीघ्र ही आपने संस्कृत का अध्ययन प्रारम्भ कर दिया और अल्प काल में ही सिद्धान्तचन्द्रिका, सिद्धान्तकौमुदी, तत्त्वबोधिनी, मनोरमा, पंचकाव्य, अलङ्कार, साहित्य, नाटक आदि का सम्यक्ज्ञान उपार्जन कर लिया, और अनन्तर न्याय के तर्कसंग्रह से लगाकर जगदीश गदाधर के बाध-अनुमति ग्रन्थ तक अध्ययन भलीभांति किया। इसके पश्चात् सांख्यदर्शन, पातञ्जलदर्शन आदि ग्रन्थों की शिक्षा कच्छ और काठियावाड़ के

अनेक ग्रामों में रहकर उपार्जन की और इस प्रकार सतरहवें वर्ष की अवस्था से लगाकर उनतीस वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया तदनन्तर संवत् १९६६ से व्याख्यान देना और अवधान करना प्रारम्भ किया। आप ऐसे प्रतिभाशाली मुनिरत्न हैं कि लगातार सौ अवधान कर सकते हैं। इन श्रीमान् के अवधान कई अच्छे अच्छे ग्रामों में हुए हैं और उनकी रिपोर्ट पुस्तकाकार रूप में प्रसिद्ध हो चुकी है। बम्बई में भी एक समय अवधान हुए थे, उस समय महाराजजी की विद्वत्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण करने के लिये सर चंदावरकर आदि अनेक विद्वान उपस्थित हुए और अन्त में महाराज की सामर्थ्य, विद्वत्ता और बुद्धिमत्ता की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। जैन मुनियों में आपके सदृश विद्वान, बुद्धिमान, उत्साही, परिश्रमी, विवेकी, शान्तप्रकृति और निरभिमानी मुनि थोड़े ही होंगे। आप जैसे विशिष्ट विद्वान हैं वैसे ही धुरंधर लेखक और आशुकवि भी हैं। आपने कई ग्रन्थों की रचना संस्कृत और गुजराती भाषा में की है जिनमें कर्तव्यकौमुदी, भावनाशतक, अजरामरजी स्वामी का जीवन–चरित्र, गर्भित भक्तामबर की पादपूर्ति, ३५ स्तोत्र आदि प्रधान हैं। आपके कई संस्कृत और गुजराती लेख मासिक पत्रों द्वारा प्रसिद्ध हो चुके हैं और उनका संग्रह "रत्नगद्यमालिका" नामक पुस्तक में प्रकाशित हो चुका है। यह कोष जिसके अभाव में बड़े बड़े विद्वान जैन धर्म के अगम्य और अद्वितीय तत्वों का भाव यथावत् न समझ सकते थे और जिसके लिये आज सकल विद्वत्समाज टकटकी लगाये हुए आतुरता से देख रहा था उक्त मुनिजी ही के अविश्रान्त परिश्रम का फल है।

कोष की उपयोगिता।

यह सन्तोष की बात है कि जैन धर्माध्यायी सज्जनों की संख्या अब दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भारतीय विद्वान ही नहीं, किन्तु इंग्लेंड, जर्मनी, फ्रान्स, इटली, अमेरिका आदि देशों के प्रसिद्ध २ विद्वान भी इस धर्म के साहित्य को ग्रहण करने लगे हैं। इस लिये उन्हें और इतिहास–खोज करने वालों को अर्ध-मागधी भाषा के साहित्य का अध्ययन करना पड़ता है। इन पाठकों तथा सज्जनों के लिये कोष अमूल्य ही है। इसके सिवाय वर्तमान आर्य भाषाओं जैसे हिन्दी, गुजराती, बंगला, मराठी आदि के शब्दों की व्युत्पत्ति ढूंढ कर निकालने में तुलनात्मक भाषाशास्त्र के अध्ययन करने वाले को बड़ी कठिनाई होती है। इस कोष से वे कठिनाइयाँ भी दूर हो सकती हैं। साथ में वर्तमान देशी भाषाओं के विकास की जो चर्चा साहित्य–संसार में चल रही है, उसको भी इस ग्रन्थ से बड़ी भारी सहायता मिलने की पूर्ण संभावना है। इसके सिवाय यह कोष अर्ध-मागधी के अतिरिक्त संस्कृत, गुजराती, हिन्दी और अंग्रेजी इन चार भाषाओं में होने के कारण हर एक देश के विद्याप्रेमी को उपयुक्त हो सकता है। प्रायः आज तक जितने कोष देखने में आये हैं; वे सब केवल एक या दो ही भाषा के हैं, और इस कारण सर्व साधारण के लिये उपयुक्त नहीं हो सकते। सार्वजनिक उपयोगी बनाने के हेतु इस कोष की रचना पर विशेष ध्यान रक्खा गया है। हरएक देश के विद्यार्थियों से लेकर बड़े २ विद्वानों के भी उपयोग में आ सके, इस हेतु भारत की राष्ट्र भाषा हिन्दी, राजभाषा अंग्रेजी, आदि भाषा संस्कृत तथा गुजराती का उपयोग किया गया है। अर्ध-मागधी शब्दों का अनुवाद उपरोक्त कही हुई भाषाओं

में किया जाने के कारण तुलनात्मक भाषा शास्त्र और साहित्य अध्ययन करने वालों के लिये यह बड़े ही महत्व की चीज़ होगी, इतना ही नहीं, परन्तु यह कोष अर्ध-मागधी भाषा में भरे हुए जो अगम्य तत्व हज़ारों वर्ष पहिले जाने जा चुके हैं उन्हें सुलभता से और सुगमता से जानने की कुंजी है। इस ग्रन्थ में हजारों अर्ध-मागधी अवतरण भी दिये गये हैं, इस कारण यदि इस कोष को अवतरण-कोष भी कहें तो अनुचित न होगा। इन अवतरणों को पढ़ने से आनन्द और शान्ति के साथ २ ज्ञान की भी खूब वृद्धि होती है। कोष की उपयोगिता बढ़ाने के हेतु क्रियाओं और संज्ञाओं के रूपाख्यान भी दिये गये हैं, तथा गहन शब्दों का स्वरूप स्पष्ट रीति से समझाने के अभिप्राय से जहां तहां कितने ही चित्रों की भी योजना की गई है। इस कोष की एक और विशेषता यह है कि इसके अंग्रेजी अनुवाद में जहां २ पारिभाषिक आदि शब्द ज्यों के त्यों अंग्रेजी अक्षरों में रक्खे हैं उनका उच्चारण शुद्ध और सुलभता से हो सके इस हेतु उन शब्दों के अक्षरों के ऊपर अलग २ तरह के चिन्ह किये हैं जिससे पाश्चिमात्य विद्वान शब्दों का शुद्ध उच्चारण बहुत ही सुलभता से कर सकते हैं। इस प्रकार इस ग्रन्थ को सर्वाङ्ग सुन्दर बनाने में विशेष ध्यान रक्खा गया है। मैं यह कहना अत्युक्ति नहीं समझता कि इसके समान उपयुक्त पञ्चभाषिक कोष आज तक प्रकाशित नहीं हुआ। इस कोष में जो अर्थ दिये गये हैं वे विशिष्ट साम्प्रदायिक मंतव्य रहित हो कर निर्विवाद, असन्दिग्ध और शुद्ध हैं क्योंकि इस ग्रंथ के संपादक एक विद्वान तत्वज्ञानी और जैन धर्म के आचार विचार को पूर्णतया जानने वाले निर्मल मुनिरत्न हैं। अन्य साम्प्रदायिक जैनी भाइयों से मैं यह विशेष प्रार्थना कर देना चाहता हूं और उनको पूर्ण विश्वास दिलाना आवश्यक समझता हूं कि इसमें साम्प्रदायिक भेदभाव नहीं रक्खा गया है। इस कारण जैन धर्मान्तर्गत श्वेताम्बर, दिगम्बर, स्थानकवासी आदि समस्त संप्रदाय के महानुभाव इस ग्रन्थ से महान् लाभ उठा सकते हैं।

कोष बनाने के कार्य में उपस्थित बाधाएं।

प्रथम तो इस भाषा के जानकार विशेषतः जैन मुनि ही होने के कारण प्रायः इन मुनियों के सिवाय इस कार्य में विशेष सहायता इतर सज्जनों से प्राप्त न हो सकी। जैन मुनि धर्मशास्त्रानुसार मर्यादित काल से अधिक समय एक ग्राम में निवास नहीं कर सकते और छोटे बडे सब ही प्रकार के ग्रामों में उन्हें विचरना होता है ऐसी दशा में कोष जैसे महान् कार्य को करने के साधन व सञ्चित सामग्री सर्वत्र समुचित उपस्थित न हो सकी। इस कारण शब्द-संग्रह आदि कार्यों में नाना प्रकार की बाधाएं उपस्थित हुईं। पुनः इस कार्य में सहायता के हेतु जो शास्त्री आदि अन्य सहायक श्री महाराजजी की सेवा में रक्खे गये थे वे जैन धर्म से अपरिचित होने के कारण उनसे यथेष्ट सहायता न मिल सकी। श्री महाराजजी के विहार के कारण शास्त्री आदि अन्य कार्यकर्त्ताओं को भी उनके साथ २ बारबार एक ग्राम से दूसरे ग्राम जाना आवश्यक होता था और यह परिश्रम बहुतों को असह्य होने के कारण किञ्चित् अनुभवप्राप्त कार्यकर्त्ता इस कार्य का परित्याग कर देते थे। नये कार्यकर्त्ताओं को पुनः कार्य से परिचित कराने में बहुत कुछ कष्ट उठाना पड़ा और कार्य में विलम्ब हुआ। जिन जैन मुनियों से शब्द-संग्रह के कार्य में सहायता प्राप्त हुई उनके शुभ नाम

उल्लेख करना मेरा आवश्यक धर्म है और वे परिडत, मुनि श्री उत्तमचन्द्रजी स्वामी (लींबड़ी सम्प्रदाय) पंजाब के श्री उपाध्यायजी श्री आत्मारामजी महाराज, प्रवर परिडत पूज्य श्री माधव मुनिजी महाराज और कच्छ आठकोटि सम्प्रदाय के परिडत मुनि श्री देवचंद्रजी स्वामी हैं। इन्हीं के अतिरिक्त श्रीयुत पोपटलाल केवलचंद शाह ने भी शब्द–संग्रह के कार्य में यद्यपि अल्प किन्तु जो तन मन से सहायता की है उसके लिये मुझे आशा है कि साहित्यानुरागी विद्वान आप सर्व महानुभावों के अवश्य आभारी होंगे। यह कार्य अत्यन्त विद्वत्तापूर्ण होने के कारण इस कार्य में योग देने योग्य सज्जन केवल गिने चुने उपरोक्त मुनिवर हैं। मैं उनका परम उपकार मानता हूं। इन निर्दिष्ट मुनिवरों के सिवाय जैन साधुवर्ग में दो चार महात्मा ऐसे हैं कि जो इस कार्य में विशेष सहायता दे सकते थे, कारण वे अच्छे विद्वान भी हैं किन्तु कई ऐसे अनिवार्य कारण उपस्थित होगये कि जिससे वे साधुजन कोष जैसे महत्वपूर्ण कार्य में योग न देसके। यदि उन महात्माओं द्वारा इस कोष के कार्य में सहायता मिलती तो यह कोष और भी सुन्दर होजाता किन्तु "कर्मणो गहना गतिः" इस अटूट सिद्धान्त के अनुसार हमें उनकी मौलिक विद्वत्तापूर्ण सहायता से वञ्चित ही रहना पड़ा।

मूल शब्दों के गुजराती अर्थ का हिन्दी अनुवाद करवाने में बड़ी भारी बाधा उत्पन्न हुई। वैसे ही अंग्रेजी अनुवाद के लिये अंग्रेजी जानने वाले विद्वानों की खोज की गई परन्तु जितने विद्वान मिले सब अजैन या दिगम्बर जैन मिलने के कारण उनसे अनुवाद करवाने पर कई जगह त्रुटियां पाई गईं, जिसका कारण इन सज्जनों का साधुओं के आचार से तथा अन्य पारिभाषिक शब्दों से अनभिज्ञ होना ही है। पारिभाषिक शब्दों का अनुवाद यथावत् न कर सके, इतना ही नहीं, किन्तु कई स्थानों में अर्थ के अनर्थ कर डाले, जिन्हें सुधारने में बहुत ही परिश्रम उठाना पड़ा। इन अनर्थों के कुछ नमूने नीचे उद्धृत किये जाते हैं जिससे विज्ञ सज्जनों को यह ज्ञात होजायगा कि साम्प्रदायिक पारिभाषिक शब्दों का भाव अन्य भाषा के अनुवाद में लाना विशेषतः जैन धर्म के रहस्य से अपरिचित विद्वानों के लिये कितना कठिन है।

मूल शब्द।	गुजराती अनुवाद।	हिन्दी या अंग्रेजी अशुद्ध अनुवाद।	हिन्दी या अंग्रेजी शुद्ध अनुवाद।
१ अजाया. त्रि०	साधुने नाखी देवानी चीज यत्ना–सहित परठववी ते.	साधु की फेंकदेने योग्य चीज को यत्ना पूर्वक संभाल कर रखना.	साधु के तजने योग्य वस्तु को यत्नाचार पूर्वक त्यागना.
२ अणाउत्त. त्रि०	उपयोग रहित; उपयोग विनानो; असावधेत.	बिना उपयोग का; निरुपयोगी. Useless.	उपयोग रहित; असावधान. Unwary; without proper circumspection.
३ अणाउत्तगमण. न०	उपयोग विना चालवुं ते.	Un-necessary movement.	Movement without proper circumspection

४ अणाययण. न०	पासत्था वगेरेनुं उतरवानुं स्थान.	पशु अथवा नपुंसक आदि के उतरने (ठहरने) का स्थान.	शिथिलाचारी आदि के उतरने (ठहरने) का स्थान
५ अणिदानता. स्त्री०	नियाणुं न करवानो भाव; फलाशंसा रहितपणुं.	जिसका निदान न किया जासके वह.	फलाशा रहित भाव; नियाणा न करने का भाव.
६ अणेसणिज्ज. त्रि०	साधुने न कल्पे लेवुं.	साधु की कल्पना में न आवे ऐसा.	साधुके लेने योग्य न हो वैसा; किसी भी दोष से जो अग्राह्य होगया हो वह.

इस कोषकी अंग्रेजी प्रस्तावना लिखने में प्रो. ए. सी. वूलनर साहिब ने जो परिश्रम उठाकर इस कोष की उपयोगिता और उपादेयता बढ़ाई है उसके लिये मैं उनका अन्तःकरण से आभारी हूं। वैसे ही श्रीयुत बनारसीदासजी एम. ए. प्रोफेसर ओरियंटल कॉलेज लाहोर, इन्हों ने कोष की उपयोगिता बढ़ाने के लिये जो अर्ध-मागधी व्याकरण देकर उदारता बतलाई है तथा कोष के कार्य में जो यथा समय सूचनाएँ दी हैं उनके लिये मैं आपका बहुत आभार मानता हूं।

इस कोष का अंग्रेजी अनुवाद श्रीयुत प्रीतमलालजी कच्छी बी. ए. ने किया है। यद्यपि आप अजैन हैं तो भी आपने इस कार्य के पूर्व ही जैन-शास्त्र आदि का मनन कर लिया था जिस कारण आप साम्प्रदायिक व पारिभाषिक आदि शब्दों के अर्थ का भाव भलीभांति अंग्रेजी में ला सके। यद्यपि इन महाशय को शब्दानुवाद के लिये पर्याप्त द्रव्य प्रदान किया गया था तथापि इन्होंने यह कार्य केवल वैतानिक दृष्टि से ही नहीं किया, वरन् उत्साह और प्रेम के साथ किया जिसके लिये मैं आपका परम उपकार मानता हूं। इसी ही प्रकार पण्डित ठाकुरदत्तजी शास्त्री ने महाराज श्री रत्नचन्द्रजी के समीप रहकर जो कोष का कार्य किया है तथा छापखाने में रहकर संशोधन के कार्य में जो परिश्रम उठाया है उसके लिये आप अनेक धन्यवाद के पात्र हैं।

इस कोष के कार्य में प्रो. एस्. के. बेलवेलकर एम्. ए. पीएच्. डी. डेक्कन कॉलेज पूना, ने बारम्बार अनेक सूचनाएं देकर कोष को उपयुक्त और सर्वाङ्ग सुन्दर बनाने में जो सहायता दी है तथा पण्डित गौरीशंकर हीराचंदजी ओझा ने कतिपय प्रूफ संशोधन के कार्य में जो कष्ट उठाया है उसके लिये मैं आपको अनेक धन्यवाद देता हूं। जिन २ ग्रामों में श्री महाराजजी ने रहकर कोष का काम किया है और वहांके संघ के जिन जिन नेताओं ने परमार्थ बुद्धि से स्वयं कोष के कार्य में सहायता दी है उन महानुभावों के नाम निम्नलिखित हैं। मैं उनका परम उपकार मानता हूं।

बम्बई-श्रीयुत नगीनदास माणेकलाल।
कठोर-भावसार मगनलाल कुबेरदास।
जेतपुर-वकील जीवराज वर्धमान।
लींबड़ी-शेठ धीरजलाल त्रिंबकलाल।
वांकानेर-शेठ वनेचंद देवजी।

सूरत-भावसार गुलाबचन्द कल्याणचन्द।
धोराजी-शा. न्यालचन्द जेचंदजी।
पोरबंदर-घेवरिया देवीदास लखमीचंद।
थानगढ-शेठ गोपालजी लाडका।
मोरवी-शेठ वीकमचंद अमृतलाल।

इन सज्जनों के अतिरिक्त मुनि श्री रूपचन्द्रजी स्वामी, मुनि श्री शिवलालजी तथा वाडीलाल छोटालाल (लींबडी), धोराजी कन्याशाला के अध्यापक श्रीयुत कालिदास दामजीने भी जो यथाशक्ति मदद दी है उसके लिये मैं आपका आभारी हूं।

साहित्य सम्बन्ध में मेरे पूज्य पिताजी को कितनी निर्मल और उग्र रुचि है इसका साक्षी स्वयं यह कोष प्रकाशनका कार्य है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रकाशक के यह दो शब्द यदि स्वयं मेरे पूज्य पिताजी की लेखनी से लिखे जाते तो कहीं अधिक उपयुक्त और रुचिकर होते, परन्तु इस कोष की हस्तलिखित प्रति संपूर्ण पूरी होने के पूर्व ही " श्रेयांसि बहुविघ्नानि " इस नियम के अनुसार मेरे पूज्य पिताजी को गहन मानसिक व्याधि ने आ घेरा और उन्हें यह कार्य इसी ही दशा में विवश हो छोड़ना पड़ा। श्रीमान् पिताजी की आज्ञानुसार यह अवशिष्ट कार्य करना मेरा परम धर्म हुआ। यद्यपि मेरी शक्ति और बुद्धि इतनी नहीं है कि मैं इस उत्तम ग्रन्थ को विज्ञ सज्जनों की सेवा में उपस्थित कर सकूं, तथापि पूज्य पिताजी के अनुग्रह और विद्वानों की सुदृष्टि के आधार पर मैं इस कोष को विद्वत्समाज की सेवा में सादर समर्पण करता हूं और यह विनती करता हूं कि मेरे अल्पज्ञान के कारण संशोधनकार्य में यदि त्रुटियां रह गई हों तो उदार पाठक वृन्द " हंसक्षीरन्यायेन " शुद्ध बातों को ग्रहण करेंगे और मेरी अज्ञानता के लिये क्षमा प्रदान करेंगे, तथा द्वितीय संस्करण के हेतु रचना पद्धति अनुवाद, छपाई आदि सम्बन्धी त्रुटियों की सूचना मुझे देनेका परम अनुग्रह प्रकट करेंगे। अंग्रेजी अनुवाद सम्बन्धी कठिनाइयों का सार अनुवादक महोदय की वचनावली से प्रकट होगा।

अंत में शतावधानी मुनिवर श्री रत्नचन्द्रजी महाराज को पुनः अनेकानेक धन्यवाद देना मैं अपना परम कर्तव्य समझता हूं क्योंकि उनके उत्साह, सद्धर्म-पालन और अनेक शास्त्र परिशीलन बिना यह प्रकाशन सर्वथा असंभव ही होता। श्री श्वे० स्था० जैन कान्फरन्स को धन्यवाद देना और उसका गुणगान करना मेरा आवश्यक धर्म है, क्योंकि इस संस्था की सहायता और उत्साह वृद्धि के कारण इस उत्तम साहित्य सेवा का परम सौभाग्य मेरे पूज्य पिताजी को प्राप्त हुआ।

राजबाड़ा चौक
इन्दोर (मालवा).

विनीत
सरदारमल भंडारी.

॥ इति शुभम् ॥

कोष देखने के नियम।

(१) प्रथम मूल शब्द मोटे टाइप में दिया गया है और उसके बाद उस शब्द का लिङ्ग अथवा जाति दर्शक संक्षिप्त वर्ण दिया गया है। तदनन्तर उस मूल शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द दिया है, और फिर उस शब्द के अर्थ गुजराती, हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में क्रमशः दिये गये हैं। ये अर्थ पूर्ण हो जाने पर मूल शब्द जिन जिन सूत्रों में या ग्रन्थों में प्रयुक्त हुआ है उन २ सूत्रों के या ग्रन्थों के संक्षिप्त नाम और जिस जगह वह शब्द आया है उस गाथा (श्लोक) या अध्ययन आदि का निर्देश अङ्कों द्वारा किया गया है, जिनका पूर्ण खुलासा कोषान्तर्गत सूत्रों की सूचि से तथा व्याकरण के संक्षेप की सूचि से हो सकता है। कई शब्दों के साथ सूत्रों के प्रमाण-वाक्य (अवतरण) भी दिये गये हैं। जिन शब्दों के अनेक अर्थ होते हैं उनके भिन्न २ अर्थ १, २, ३, इत्यादि अङ्कों द्वारा क्रमशः बताये हैं।

(२) जहां कहीं मूल शब्द अर्थान्तर की दृष्टि से लिङ्गान्तर में प्रयुक्त हुआ है, वहां उस अर्थ के साथ जाति का निर्देश भी कर दिया है।

(३) सामासिक शब्द मूल शब्द के पेटे में दिये हैं और उन्हें भी मूल शब्द के समान मोटे टाइप में रखकर उनके पूर्व यह—चिन्ह किया है और इसी प्रकार सामासिक संस्कृत प्रति-शब्दों को भी ऊपर निर्दिष्ट चिन्ह के साथ रक्खा है।

(४) धातु को पहिचानने के लिये उसके पूर्व यह √ चिन्ह किया है और उसके जितने रूप प्रायः उपलब्ध हो सके, वे सब लकारादि क्रम से दिये हैं अथवा विशेष प्रतिपत्ति के लिये तत्तल्लकार का निर्देश भी किया गया है जैसे विधि लकार, आज्ञार्थ लकार।

(५) जो मूल शब्द अर्ध-मागधी का नहीं है किन्तु पैशाची आदि अन्य सवर्ण भाषाओं का है, उसके पूर्व यह * चिन्ह किया है और ऐसे शब्दों के संस्कृत-प्रतिरूप उपलब्ध न होने के कारण इनका अनुवादमात्र संस्कृत में दिया है, जैसेः- * अगड (कूप) आदि।

(६) जिस मूल शब्द का संस्कृत पर्याय तो यों का त्यों हो सकता है किन्तु वह पर्याय संस्कृत- साहित्य में प्रसिद्ध नहीं है अथवा पूर्व काल में प्रसिद्ध होगा और अब प्रचलित नहीं है, ऐसे संस्कृत पर्यायों को पहिचानने के लिये उनके पूर्व यह * चिन्ह लगाया है, जैसेः-**अवलुय.** (* अवलुक-नौकादण्ड), **अगड.** (* अगत-अज्ञात), **आभिसरमाण.** (*अभिसरमाण-अभिसरत्), **अववरोवित्ता.** (* अव्यपरोपिता-अव्यपरोपण) आदि। कहीं कहीं मूल शब्द और संस्कृत-पर्याय में बृहद् अन्तर देखने में आता है, जैसे:-**फास.** (स्पर्श), **नाण.** (ज्ञान)

उपरिल्ल. ÷ (उपरितन) आदि २ किन्तु ऐसे शब्दों के पूर्व यह * चिन्ह नहीं दिया उसका कारण यह है कि ये शब्द खास अर्ध-मागधी भाषा के ही हैं और इनके लिये संस्कृत के निर्दिष्ट रूप ही प्रचलित तथा प्रसिद्ध हैं। वर्णभेद होते हुए भी केवल श्रवणमात्र से ही उनके संस्कृत रूपों का बोध हो जाता है। इस कारण ऐसे शब्दों के पूर्व यह * चिन्ह नहीं दिया। वैसे ही ऐसे शब्दों के रूपान्तर साहित्य में किसी जगह देखने में नहीं आये।

(७) मूल शब्द के आगे जो जाति दी गई है वह अर्ध-मागधी शब्दों की ही है न कि उनके संस्कृत-पर्यायों की। प्रायः मूल शब्द और संस्कृत प्रतिशब्दों की जाति अधिकांश मिलती जुलती ही है तथापि खासकर वह जाति मूल शब्दों की ही है। जिस शब्द की जो जाति सूत्र में मानी गई है अर्थात् सूत्रकारों ने जिस शब्द को जिस जाति में प्रयुक्त किया है उस शब्द की वही जाति यहां भी दी गई है जैसे:-अक्खुद्द. पुं० (अक्षुद्र) गंभीर श्रावक। यह शब्द पुलिङ्ग माना गया है, किन्तु संस्कृत में क्षुद्र अथवा अक्षुद्र दोनों विशेषण माने गये हैं, वास्ते यह तीनों लिङ्गों में प्रयुक्त होना चाहिये था किन्तु सूत्रों में यह शब्द केवल श्रावक के लिये ही आया है और उसे पुलिङ्ग ही माना है वास्ते कोष में भी उसे पुलिङ्ग बतलाया है। इसी प्रकार अंबिल. न० (अम्ला) एक प्रकार की वनस्पति। संस्कृत में यह शब्द स्त्रीलिंग माना है किन्तु सूत्रों में इस शब्द को नपुंसक लिङ्ग में ही प्रयुक्त किया है वास्ते यहां भी उसे नपुंसक लिङ्ग में ही रक्खा है।

(८) शब्दों का अनुक्रम वर्णमाला के अनुसार-अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, अं, और बाद में व्यञ्जन-क, ख, ग, वगैरह इस प्रकार रक्खा है।

(९) संस्कृत भाषा में जिस प्रकार अनुस्वार को परसवर्ण--वर्ग के अन्त्याक्षर के रूप में परिवर्तन कर स्थानान्तर-अनुनासिक + अक्षर के बाद रक्खा जाता है, वैसा अर्ध-मागधी भाषा में नहीं होता। इस भाषा में अनुस्वार को अनुस्वार के ही रूप में रक्खा जाता है अतः उसकी गणना अनुस्वार ही में की गई है, इस कारण इस कोष में अनुस्वार को व्यञ्जन के पूर्व ही रक्खा है, जैसे—अओ के बाद अंक और उसके पश्चात् अकड आदि।

(१०) सम्बन्धार्थ कृदन्त, हेत्वर्थ कृदन्त, और वर्तमान कृदन्त इनमें जिसका धातु नहीं मिला वह अलग दिया है और जिसका धातु उपलब्ध है, उसे धातु के साथ ही रक्खा है। तीनों प्रकार के कृदन्त जहां स्वतन्त्र (धातु के अतिरिक्त) दिये हैं, वहां उन्हें अव्यय कर दिया है, कारण कि सूत्रकारों ने भी ऐसी हालत में प्रायः इनको अव्यय ही माना है। जैसे:- अकियाणं.

÷ 'ल्ल' प्रत्यय अर्धमागधी में प्रसिद्ध होने के कारण यह * चिन्ह नहीं दिया। इसकी संस्कृत छाया 'तर, तम, तन' है।

+ अनुस्वार के बाद जब 'क' से 'म' तक कोई भी अक्षर आता है तब अनुस्वार को परसवर्ण अर्थात् कवर्ग का कोई अक्षर हो तो 'ङ्' और चवर्ग का कोई वर्ण हो तो ञ् आदि आदि होजाता है। इसीसे संस्कृत में अनुस्वार सबसे प्रथम न रखकर अन्त में दिया जाता है। वही अनुस्वार प्रथम आता है जिसके अन्त्य वर्ण य र ल व श ष स ह होते हैं।

सं० कृ० अ० (अकृत्वा) आदि २। जहां तक हो सका वहां तक ऐसे रूपों को धातु के साथ ही रक्खा है; परन्तु जिनके धातु खोज करने पर भी न मिल सके और जो धातु मिले उनके साथ वर्ण-सादृश्य न होने के कारण इन्हें पृथक् ही रखना पड़ा।

(११) धातु + के मुख्यतया तीन गण माने गये हैं जो धातु प्रथम गण के हैं उनके आगे I. ऐसा अङ्क दिया है। जो द्वितीय गण के हैं उनके आगे II. ऐसा अङ्क दिया है और जो उभयगण के हैं उनके आगे I, II ऐसे अङ्क दिये हैं। थोड़े धातुओं की क्रियाएं अलग भी दी गई हैं, जैसेः-अकरिंसु, अलाहि आदि २। इन क्रियाओं को पृथक् रखने का कारण यह है कि, ये क्रियाएँ लुङ् लकार की हैं और इनके पूर्व 'अ' है, अनुक्रम में फरक न आने के हेतु इनको अलग रखकर इनके आगे लिख दिया है कि देखो 'कृ' धातु और 'लभ्' धातु। क्रिया को देखने के पूर्व उसके धातु को देखना चाहिये जिससे उस धातु के साथ ही सब क्रियाएँ मिल सकती हैं। अर्ध-मागधी में उपसर्ग धातु के साथ ही रक्खा है और संस्कृत में उपसर्ग और धातु के बीच यह + चिन्ह दिया है। कहीं कहीं नाम धातु भी आये हैं और उनके आगे ना० धा० ऐसा संक्षेप किया गया है।

(१२) एकार्थ वाचक शब्दों का अन्तिम अक्षर यदि 'अ' अथवा 'य' आया है तो दोनों (अ, य) उस शब्द के साथ दिखला दिये हैं, जैसेः- **अवगअ-य** *। इसी प्रकार धातु के रूपों में भी अन्तिम अक्षर 'इ' और 'ति' उस रूप के साथ ही बतलाए हैं। कहीं पर 'अवगअ' व कहीं पर 'अवगय' ऐसे दोनों रूप देखने में आते हैं परन्तु इस शब्द का प्रयोग जहां जहां स्वतन्त्र रूप से किया है और जब वह विभक्त्यन्त हो जाता है तब '**अवगए**' ऐसा ही होता है।

(१३) कई स्थानों में शब्दान्तर्गत 'क' और 'ग' के दो शब्द न दिखलाकर उन दोनों क और ग का एक ही शब्द में वैकल्पिक समावेश कर दिया है, जैसे—अव्वोक-ग-ड (अव्याकृत)।

(१४) तद्, युष्मद्, अस्मद् आदि त्यदादि शब्दों के रूप जहां तक सूत्रों में मिल सके, सभी प्रथमा विभक्ति से सातवीं विभक्ति तक अनुक्रम से दिये हैं। अर्ध-मागधी में चतुर्थी विभक्ति का व्यवहार नहीं होता वास्ते उसके रूप नहीं दिये। चतुर्थी विभक्ति को जानने के प्रत्यय

+ जिस धातु के उपान्त्यवर्ण अर्थात् प्रत्यय (तिप्, तस्, झि आदि) के पूर्व के अक्षर में 'ए' की मात्रा लग जाती है, वे धातु द्वितीय गण के होते हैं। जिस धातु के उपान्त्य अक्षर में "ए" की मात्रा नहीं लगती वे प्रथमगण के होते हैं। कोई धातु ऐसे भी हैं कि जिनको यह मात्रा विकल्प से लगती है। ऐसे धातु उभयगणी माने गये हैं, जैसेः-; **अरिहइ** प्रथमगणी, **अवमण्णेति** द्वितीयगणी; **अवक्कमइ**, **अवक्कमेइ** उभयगणी।

* इस शब्द में '**अ**' के पीछे '**य**' है, कहीं पर '**य**' के पीछे '**अ**' मिलेगा इस प्रकार का विन्यास प्रमाणाधिक्य (अर्थात् सूत्रों में अकारान्त शब्दों का बाहुल्य होने से '**अ**' प्रथम और यकारान्त शब्दों की प्रचुरता से '**य**' प्रथम रक्खा है) रेफरन्स और कोटेशन्स के लिहाज से किया है।

‘ रथे ’ ‘ ट्ठु ’ हैं। कई शब्दों के ऐसे भी रूप दिये गये हैं कि जिनका अन्य शब्दों की अपेक्षा किसी विभक्ति में भिन्नरूप होता है, जैसेः–‘ राजन् ’ शब्द का षष्ठी विभक्ति में ‘ रएणो ’ ऐसा रूप होता है।

(१५) कोई भी शब्द बिना सूत्रों में देखे और बिना अनुसन्धान किये नहीं दिया गया। अवतरण (कोटेशन) केवल ज़हां देना उपयुक्त व आवश्यकीय समझा वहीं दिया गया है तो भी प्रायः फी सदी पचास के अवतरण दिये गये हैं। सूत्रों के जो प्रमाण अङ्क (रेफरन्स) दिये हैं वे बिलकुल ही सही हैं; कारण उनको एक बार ही नहीं किन्तु अनेक बार जांचकर दिया है। समस्त शब्द वर्तमान में जितने ग्रन्थ उपलब्ध हैं और जिनकी सूचि दे चुके हैं, उन्हीं में से चुने गये हैं। खुलासे के लिये देखो “ कोषान्तर्गत सूत्रोनी यादी ”।

(१६) संस्कृत-पर्याय अनेक कोषानुमोदित और व्याकरणरीति से भी शुद्ध हैं। जहां एक संस्कृत पर्याय से काम नहीं चला वहां उसका दूसरा पर्याय भी दिया है, वैसे ही कहीं कहीं प्रकृति–प्रत्यय भी दिखलाया है; व्युत्पत्ति समास भी किये हैं। प्रत्येक शब्द का धातु वगैरह लिखने से या प्रकृति-प्रत्यय समासादि करने से अथवा दूसरा पर्याय आदि देने में ग्रन्थ का विस्तार एक दम बढ़ जाता, वास्ते आवश्यकता से अधिक इस विषय की ओर ध्यान नहीं दिया। अन्य भाषाओं में दो दो तीन तीन पर्याय देकर प्रकारान्तर से अर्थ करके समझाया गया है।

(१७) संस्कृत साहित्य के अनुसार एक शब्द के अनेक अर्थ हो सकते हैं, किन्तु इस कोष में केवल वे ही अर्थ दिये गये हैं जो कि सूत्र–प्रतिपादित हैं। प्रकारान्तर से इस कोष को “आगमकोष” भी कह सकते हैं।

◆

चित्र-सूची।

नाम	पृष्ठ संख्या
१ अंधयारखेत्त (अन्धकार-क्षेत्र) … … …	३८
२ अट्ठमंगल (अष्ट-मङ्गलिक) … … … …	१२५
३ अट्ठारससहस्ससीलंगरह (अष्टादशसहस्र-शीलाङ्ग-रथ) … …	१३१
४ अड्ढाइज्जदीव (अढी-अढाई द्वीप) … … …	१३९
५ अभिगम (अभिगमन) … … …	३४९
६ अभिसेयसिला (अभिषेक-शिला) … … …	३६७
७ अहोलोय (अधोलोक) … … … …	५१०

॥ श्रीः ॥

नमोऽस्तु महावीराय

सचित्र

॥ अर्द्धमागधी-कोष ॥

अ.

अ. अ० (च) અને; વળી. और. And; also. दस० ६, १; १३; (२) ગાથાનું ચરણ પુરૂં કરવા આ અવ્યય વપરાયછે. गाथा का चरण पूरा करने के काम में आने वाला. a particle used expletively. अणुत्त० १०, ८; क० गं० १, ३६; ५८;

अअगर. पुं० (अजगर) અજ–બકરો, તેને ગર-ગળીજનાર; એક જાતનો મ્હોટો બીહામણો સાપ; અજગર. अजगर एक सांप का नाम, जो बकरों को भी निगल जाता है. A huge serpent (boa-constrictor) said to swallow goats. सूय० २, ३, २४;

अइ. अ० (अति) અતિશય; ઘણું; વધારે; અત્યંત. ज़्यादह; बहुत; अतिशय. Excessive; too much. नाया० १; १५; पंचा० १, २; पिं० नि० भा० २५;

अइअंबिल. त्रि० (अत्यम्ल) અતિખાટું. बहुत खट्टा. Very sour; very acid. कप्प० ४, ६५;

अइअच्च. सं० कृ० अ० (अत्येत्य) અતિક્રમણ કરીને; ઉલ્લંઘીને. उलांघकर. Having transgressed; having gone beyond bounds. “अइअच्च सव्वओ संगं” आया० १, ६, २, १८३; (२) ઉપેક્ષા કરીને; ગણકાર્યા વિના. उपेक्षा करके. having neglected; not having minded. “फरुसाइं दुत्तितिक्खाइं अइअच्च मुणी परक्कममाणे” आया० १, ६, १, ६;

अइआर. पुं० (अतिचार) વ્રત, કે પ્રતિજ્ઞા ભાંગવાની તૈયારી કરવી; વ્રતભંગને સન્મુખ થવું તે; વ્રતની હદ ઉલ્લંઘવાને પગ ઉપાડવો; વ્રતવિરાધવાની કોશિશ. व्रत, अथवा प्रतिज्ञा भंग करने को उद्यत होना. Readiness to violate a vow; a preparatory stage of the violation of a vow. ठा० ३, ४; प्रव० २६६;

अइइ. स्त्री० (अदिति) પુનર્વસુ નક્ષત્રનો અધિષ્ઠાતા દેવતા. पुनर्वसु नक्षत्र का अधिष्ठातृ देवता. The presiding deity of the Punarvasu constellation. the seventh of the lunar asterisms. “पुणव्वसू अइइदेवयाए पण्णत्ते” सू० प० १०; ठा० २, ३;

अइउक्कस. त्रि० (अत्युत्कर्ष–उत्कर्षमभिमानमतिक्रान्तः) અભિમાનરહિત; અહંકાર વિનાનો. अहंकार रहित; अभिमान विनाका. Devoid of pride. “तवस्सी अइउक्कसो” दस० ५, २, ४२;

अइउच्च. त्रि॰ (अत्युच्च) અતિ ઉંચું; ઘણું ઉંચું. बहुत ऊंचा. Very high. "नाइउच्चे व नीएवा" उत्त॰ १, ३४;

अइउज्जल. त्रि॰ (अत्युज्वल) અતિસ્વચ્છ; ઘણુંચોક્ખું. बहुत अच्छा. Extremely clear; very bright. सु॰ च॰ ४, १८०;

अइउण्ह. त्रि॰ (अत्युष्ण) અતિ ઉનું. बहुत गर्म. Excessively hot. कप्प॰ ४, ६५;

* **अइउल्ल.** त्रि॰ (अत्यार्द्र) અતિભિનું; બહુ ભિનાશવાળું. बहुत गीला. Very damp. कप्प॰ ४, ६५;

अइउसिण. त्रि॰ (अत्युष्ण) ઘણું ગરમ; ઘણું ઉનું. बहुत गर्म. Very hot. सु॰ च॰ २, ४१६;

अइकंडूइय. न॰ (अतिकण्डूयित) નખવડે અતિશય ખંજોળવું-વલોરવું. नखों से बहुत ज़्यादह खुजाना. Scratching too much with nails. "नाइकंडूइयं सेयं" सूय॰ १, ३, ३, १४;

अइकक्खड. त्रि॰ (अतिकर्कश) અત્યન્ત કઠણ-કર્કશ; ઘણું ખડબચડું. बहुत खरदरा. Very hard; extremely rough. विशे॰ १०४५;

अइकाय. पुं॰ (अतिकाय) દક્ષિણ દિશામાં રહેનાર મહોરગ જાતિના વ્યંતરદેવતાનો ઇંદ્ર. दक्षिण दिशा में रहने वाले महोरगजाति के व्यंतरदेव का इन्द्र. Lord of the Vyantara gods of the Mahoraga class inhabiting the southern regions. नाया॰ २; ५; भग॰ ३, ८; १०, ५; ठा॰ २, ३; पन्न॰ २; (२) त्रि॰ મ્હોટા શરીર વાળા. बड़े शरीर वाला. of a bulky body; corpulent. नाया॰ ६;

अइकिलिट्ठ. त्रि॰ (अतिक्लिष्ट) અત્યંત સંક્લિષ્ટ-ક્લેશ યુક્ત. बहुत क्लेश वाला; अत्यन्त क्लिष्ट. Greatly troubled or agitated. क॰ प॰ ४, ७६;

अइक्कंत. त्रि॰ (अतिक्रान्त) ઉલ્લંઘન કરેલું. उलांघा हुआ. Transgressed. नाया॰ १; पन्न॰ २; (२) જે વખત મુકરર કરેલ હોય તેને ઉલ્લંઘીને કરેલું તપ અથવા પચ્ચખાણ. निश्चित समय का उल्लंघन करके किया हुआ तप अथवा प्रत्याख्यान. (पच्चखाण) austerity or vow practised after the time fixed for it has elapsed. "सोदाइंतवोकम्मं पडिवज्जइ तं अइच्छिए काले एवं पच्चखाणं अइकंतं होई नायव्वंति" ठा॰ १०; भग॰ ७, २; प्रव॰ १८७; **—चारि.** त्रि॰ (-चारिन्) મર્યાદાનું ઉલ્લંઘન કરી વિચરનાર-વર્તનાર. मर्यादा को उलांघ कर चलने वाला. (one) who violates prescribed rules of conduct; a transgressor. "कालाइकंतचारिणो जइवि" प्रव॰ ७८४;

अइकंत. त्रि॰ (अतिकान्त) અતિમનોહર; અતિ સુંદર. बहुत सुन्दर; परम मनोहर. Very charming. पण्ह॰ १, ४;

√ **अइक्कम.** धा॰ I. (अति+क्रम्) અતિક્રમણ કરવું; ઉલ્લંઘન કરવું. उलांघना. To transgress; to violate.

अइक्कमइ. भग॰ १, ६; ५, २; ६; पिं॰ नि॰ १६४; ओव॰ ३८;

अइक्कमंति. कप्प॰ ६, ६३;

अइक्कमेज्जा. वि॰ वेय॰ ५, ४१;

अइक्कम्म. सं॰ कृ॰ गच्छा॰ ५;

अइक्कमित्तु. सं॰ कृ॰ दस॰ ५, २, ११;

अइक्कममाण. भग॰ १, ६;

अइक्कमंत. व० कृ० पिं० नि० १८४; प्रव० ८४६;

अइक्कम. पुं० (अतिक्रम) લીધેલ વ્રત-પચ્ચખાણ અથવા પ્રતિજ્ઞા ભાંગવાનો સંકલ્પ-ઇચ્છા કરવી, કે અનુમોદન કરવું તે. लिये हुए व्रत की प्रतिज्ञा का भंग करना या उसका अनुमोदन करना. A thought or an inclination to violate a vow or a self-imposed oath; approval of such thought or deed. "आहाकम्माणिमंतण; पडिसुणमाणे अइक्कमो होइ" पिं० नि० १७६; वेय० ५, ६; पंचा० १, ३२; ठा० ३, ४; दस० ५, २, २५; [२] ઉલ્લંઘન કરવું; અતિક્રમણ કરવું. उलांघना; अतिक्रमण करना. violation; transgression. आव० ४, ६;

अइक्कमणिज्ज. त्रि० (अतिक्रमणीय) ઉલ્લંઘન કરવા યોગ્ય. उल्लंघन करने योग्य. Fit to be transgressed. सूय० २, ७, ८१;

अइगअ. त्रि० (अतिगत) એકવાર મરી ફરી તેમાંજ ઉત્પન્ન થયેલ; અતિશય-વારંવાર ઉપજેલ. एक वार मर के फिर उसी में उत्पन्न हुआ; वारंवार उत्पन्न हुआ. Reborn in the same species; born frequently. उत्त० १०, ५;

अइगंतूण. सं० कृ० अ० (अतिगम्य) ઉલ્લંઘીને. उलांघकर. Having transgressed. विशे० ६०४;

√ **अइगच्छ.** धा० I. (अति+गम्) ઉલ્લંઘન કરવું. उलांघना. To transgress.

अइगच्छइ. दसा० ५, २७;

अइगच्छमाण. व० कृ० नाया० १;

अइगमण. न० (अतिगमन) જવા આવવાનો માર્ગ. आने जाने का मार्ग. Way in or way out. नाया० २;

अइगुण. पुं० (अतिगुण) અતિશય-પ્રભાવ વાળા ગુણ. अतिशय-प्रभाव वाला गुण. Highly powerful quality. उत्त० ३१, २०;

अइचिंत. त्रि० (अतिचिन्त) અત્યન્ત ચિન્તા-યુક્ત. अतिशय चिंतायुक्त. Full of excessive anxiety. नाया० १;

√ **अइच्छ.** धा० I. (* अति-गच्छ्+गम्) પામવું; પ્રાપ્ત કરવું. प्राप्तकरना; पाना. To obtain. (२) અતિક્રમણ કરવું. अतिक्रमण करना. to pass over.

अइच्छइ. ओघ० नि० ५१८;

अइच्छंत. व. कृ. उत्त० २६, ५;

* **अइच्छिअ-य.** त्रि० (अतिक्रान्त) અતિક્રમણ કરેલ; અન્યત્ર ગમન કરેલ. अतिक्रमण किया हुआ; अन्यत्र गया हुआ. Transgressed; gone elsewhere. पिं० नि० २८८; उत्त० ३३, २४; क० प० १, ३५; (२) અતિક્રમણ કરેલ; ઉલ્લંઘન કરેલ. अतिक्रमण किया हुआ; उल्लंघन किया हुआ. transgressed; violated. "जेसिं तु विउला सिक्खा मूलियंते अइच्छिया" उत्त० ७, २१;

अइजाअ. पुं० (अतिजात-अतिक्रान्तो जातं जातिं जनकं वा अतिजातः) બાપ કરતાં અધિક પરાક્રમી પુત્ર; જાતિ, કે પિતા કરતાં વધારે સંપત્તિ અને કીર્તિ મેળવનાર પુત્ર. जाति, अथवा पिता की अपेक्षा अधिक संपत्ति और कीर्ति प्राप्त करने वाला पुत्र. A person who is more renowned than his father or any other person of his own community. ठा० ४, १; (२) વિજાતીય; ભિન્નજાતીય. विजातीय; भिन्नजाति वाला. of a different caste or class.. "जे भिक्खू वत्थं अइजाएणं गहेइ गहंतं वा साइज्जइ" निसी० १, ५७;

अइजागरण. न० (अतिजागरण) ઘણું જાગવું તે; ઘણો ઉજાગરો કરવો. बहुत जगना. Excessive vigil. नाया० १६;.

अइजायमाण. व० कृ० त्रि० (* अतियात्) આવતું. आता हुआ. Coming. दसा० १०,३;

अइट्ठभद्दंत. त्रि० (अतीष्टभद्रान्त–अत्यन्तमिष्टो-भद्रोऽन्तःपरिणामो यस्य तत्) અત્યન્ત ઇષ્ટ અને કલ્યાણ કારી જેનું પરિણામ છે એવું. अत्यन्त इष्ट और कल्याणकारी परिणाम वाला. Productive of very desirable and wholesome results. दसा० १०,१;

अइण. न० (अजिन) ચામડું; ચર્મ. चमड़ा. Leather; skin. सू० प० २०;

अइणिच्चल. त्रि० (अतिनिश्चल) અત્યન્ત દૃઢ–ચલાયમાન ન થાય તેવું. अत्यन्त दृढ़. Very firm; highly constant. पंचा० १४, ३७;

अइणिद्धमहुरत्त. न० (अतिस्निग्धमधुरत्व) જે વચનમાં અત્યન્ત સ્નિગ્ધતા અને મધુરતા ઘી ગોળની માફક રહેલ છે એવા તીર્થંકરના વચનનો અતિશય; તીર્થંકરની વાણીનો ૧૯ મો અતિશય. तीर्थंकर की वाणी का १६वाँ अतिशय, कि जिससे वाणी में अत्यन्त माधुर्य्य होता है. Extraordinary loveliness and sweetness of the speech of Tīrthaṃkaras; the 19th superhuman virtue of Tīrthaṃkaras' speech. सम० ३५;

√ **अइतुट्ट.** धा० I. (अति×त्रुट्) એકદમ તોડવું; તોડી નાખવું. एक दम तोड़ देना. To break off.

अइतुट्टंति. सूय० १, १, २, २२;

अइतेया. स्त्री० (* अतितेजा–अतितेजस्) ચતુર્દશી; ચૌદશની રાત્રિનું નામ. चतुर्दशी की रात्रि का नाम. The night of the fourteenth day of the bright half of a month. जं० प० ७, १५२;

अइत्था. स्त्री० (अदित्सा) ભિક્ષા ન આપવાની ઇચ્છા. भिक्षा न देने की इच्छा. Unwillingness to give alms. विशे० ३५४;

अइत्थावणा. स्त्री० (अतिस्थापना) ઉલ્લંઘન કરવાયોગ્ય કર્મસ્થિતિ; અબાધાકાલ ઉપરાંતની કર્મસ્થિતિ. उल्लंघन करने योग्य कर्मस्थिति; अबाधाकाल के बाहिर की कर्मस्थिति. State of Karma after its fructification. "होइ अबाहा अइत्थावणाओ " क० प० ३, १;

अइत्थिय. त्रि० (अतिस्थित) ઉલ્લંઘન કરી રહેલ. उलांघकर ठहरा हुआ. Gone beyond; transcended. दसा० ६, ३२;

अइथणी. स्त्री० (अतिस्तनी) મોટા સ્તન વાળી સ્ત્રી. बड़े स्तन वाली स्त्री. A woman with big breasts. पिं० नि० ४१८;

अइदंपज्ज. न० (ऐदम्पर्य) તાત્પર્ય; ભાવાર્થ ગર્ભિત તત્વ. सारांश; तात्पर्य. Gist; purport. पंचा० १४, १०;

अइदीह. त्रि० (अतिदीर्घ) ઘણું લાંબું. बहुत लंबा. Excessively long. विशे० ५१६;

—**कालण्ण.** त्रि० (–कालज्ञ) ઘણા લાંબા કાળને જાણનાર. बहुत लंबे काल को जानने वाला. one whose knowledge extends over a very long period of time. विशे० ५१६;

अइदुक्ख. न० (अतिदुःख) ઘણું દુઃખ; અત્યન્ત અસાતા. बहुत दुःख; अत्यंत असाता. Excessive pain or misery. सूय० १, ५, १, २१;

अइदुल्लह. त्रि० (अतिदुर्लभ) અત્યન્ત મુશ્કેલીથી પ્રાપ્ત થાય તેવું. अत्यंत कठिनाई से प्राप्त होने योग्य. Very rare; very difficult

to obtain. गच्छा० ६१;

अइदुस्सह. त्रि० (अतिदुःसह) અત્યન્ત દુઃસહ; ઘણી મુશ્કેલીથી સહન થાય તેવું. अत्यन्त दुःसह; बड़ी कठिनाई से सहन करने योग्य. Extremely unbearable. उत्त० १६, ७३;

अइदूर. त्रि० (अतिदूर) અતિદૂર–ઘણે છેટે; વેગળું. बहुत दूर. Very far. उत्त० १, ३४; ओव० २७; ३२; उवा० ७, २०८;

अइदूसमा. स्त्री० (*अतिदुष्षमा) દુષ્ષમ–દુષ્ષમ નામે અવસર્પિણી કાલનો છઠો અને ઉત્સર્પિણીનો પહેલો આરો. दुःषम–दुःषम नामक अवसर्पिणीकाल का छठा भेद और उत्सर्पिणी काल का पहिला आरा. The first division (Ārā) of Utsarpiṇī and the sixth division (Ārā) of Avasarpiṇī named Duṣṣama Duṣṣama. कालो अइदूसमाएवि" प्रव० १०५१;

अइधाडिय. त्रि० (अतिध्राडित) ભમાવેલું. ठगाया हुआ; छला हुआ. Misled; deceived. पराह० १, ३;

अइधुत्त. त्रि० (अतिधूर्त–अतीव प्रभूतं धूर्तमष्टप्रकारं कर्म यस्य सः) ભારેકર્મી; બહુલ કર્મી. बहुकर्मा; बडा धूर्त; आठ प्रकार के कर्मों में तल्लीन. One excessively absorbed in the eight sorts of Karma; a rogue. सूय० २, २, ५६;

अइनीअ. त्रि०(अतिर्नीच) અતિનીચું સ્થલ; ઉંડું ભોયરૂ વગેરે. बहुत नीचा स्थान; गहरा भोंयरा वग़ैरह. A very low place; an underground cellar or cavity. उत्त० १, ३४;

अइपंडुकंबलसिला. स्त्री० (अतिपाण्डुकम्बलशिला) મેરૂપર્વત ઉપરની દક્ષિણદિશા તરફની અભિષેક શિલા. मेरु पर्वत के ऊपर की दक्षिण दिशा की अभिषेक शिला. Name of a stone, situated in the southern direction of the mountain Meru on which the birth ceremony of a Tīrthaṃkara is performed. " दो अइपंडुकंबलसिलाओ " ठा० २, १; जं० प० २;

अइपडागा. स्त्री० (अतिपताका) પતાકા ઉપર પતાકા; ધજા ઉપર ધજા. ध्वजा पर ध्वजा; अतिपताका. A flag above a flag. नाया० १; ओव०

अइपरिणाम. पुं० (अतिपरिणाम–अति व्याप्त्या परिणामोऽर्थ परिणमनं यस्य सोऽतिपरिणामः) શાસ્ત્રમાં બતાવેલ અપવાદકરતાં પણ વધારે અપવાદનો આશ્રય કરનાર; ઉત્સૂત્રમતિવાળો. शास्त्रोक्त अपवाद से भी अधिक अपवाद का आश्रय करने वाला; उत्सूत्रमति वाला. One who stretches the meaning of the scriptures in the matter of exceptions allowed therein. विशे० १२६२;

अइपास. पुं० (अतिपार्श्व) ભરતક્ષેત્રના કુંથુનાથસ્વામીના સમકાલીન ઇરવત ક્ષેત્રના તીર્થંકરનું નામ. भरतक्षेत्र के तीर्थंकर कुंथुनाथस्वामी का समकालीन इरवतक्षेत्र का तीर्थंकर. Name of the Tīrthaṃkara of Iravata Kṣetra, being a contemporary of Kunthunātha of Bharata-Kṣetra. सम० ८४;

अइपासंत. त्रि० (अतिपश्यत्) અસાધારણ દૃષ્ટિએ જોનાર. असाधारण दृष्टि से देखने वाला. One who sees with an extraordinary sight. सूय० १, ३, ४, १४;

अइप्पमाण. त्रि० (अतिप्रमाण) પ્રમાણ(માપ)થી વધારે. प्रमाण (माप) से अधिक. Exceeding proper measure. पिं० नि० ६४७;

अइप्पसंग. पुं० (**अतिप्रसङ्ग**) અતિપરિચય કરવો તે. अति परिचय करना. Too much familiarity or acquaintance. पंचा० १०, २१; (२) અતિવ્યાપ્તિ; લક્ષ્યને મુકી લક્ષ્યથી બ્હાર લક્ષણનું જવું તે. अतिव्याप्ति लक्षण का दोष; लक्ष्य को छोड़ कर लक्ष्यान्तर में भी जाने वाला. the logical defect of a definition being too wide पंचा० ६, ६;

अइबल. पुं० (**अतिबल**) આવતી ચોવીસીના પાંચમા વાસુદેવનું નામ. आगामी चोवीसी के पांचवें वासुदेव का नाम. Name of the fifth Vāsudeva of the next cycle. सम० ४ (२) ભરતચક્રીનો પૌત્ર; મહાયશાનો પુત્ર. भरतचक्रवर्ती का पौत्र; महायशा का पुत्र. grandson of Bharata Chakra vartī and son of Mahāyaśā. ठा० ८, १; (३) અતિબલવાન્; ઘણી શક્તિવાળું. अत्यन्तबलवान्; अमितशक्तिशाली. very powerful; strong. ओव० ६६;

अइभद्दय. त्रि० (**अतिभद्रक**) જેનું દર્શન ઘણું સારૂં હોય તે. जिसका दर्शन बहुत अच्छा हो वह. One whose sight is very auspicious. नाया० १६;

अइभार. पुं० (**अतिभार**) હદ ઉપરાંતનો ભાર. मर्यादा से अधिक भार. Excessive burden. "अइभारो न आरोवेयव्वो" उवा० १, ४५; प्रव० २७४; पंचा० १, १०; (२) પહેલા અણુવ્રતનો ચોથો અતિચાર. पहिले अणुव्रत का चौथा अतिचार. The fourth Atichāra of the first Aṇuvrata. उवा० १, ४५; **—रोवण.** न० (-रोपण) અતિભાર ભરવો તે; શ્રાવકના પહેલા વ્રતનો ચોથો અતિચાર. अतिभार लादना; श्रावक के पहिले व्रतका चौथा अतिचार. overloading; the first Atichāra of the first vow of a Jaina layman. प्रव० २७५;

अइभूमि. स्त्री० (**अतिभूमि**) જે જગ્યા ઉપર સાધુઓને જવા માટે ગૃહસ્થની મનાછે તે જગ્યા. जिस स्थान में साधुओं कों जाने के लिये गृहस्थ की मनाही हो वह स्थान. The place where Sādhus are forbidden to go by the laity. दस० ५, १, २४;

अइभोयण. न० (**अतिभोजन**) ઘણું ભોજન કરવું તે; ઘણું ખાવું તે. बहुत भोजन करना; बहुत खाना. Eating too much; gluttony. नाया० १६;

अइमंच. पुं० (**अतिमञ्च**) માંચા ઉપરનો માંચો. अतिमञ्च; पलंग पर पलंग. A cot upon another cot. "मंचाइमंचकलियं" ओव.

अइमट्टिया. स्त्री० (**अतिमृत्तिका**) માટીની ગાર; કાદવ. कीचड़. Mud. जीवा० ३;

अइमत्त. त्रि० (**अतिमात्र**) માત્રા–પરિમાણ ઉપરાંતનું. मात्रा–परिमाण से अधिक. Beyond proper measure. "नाइमत्तं तु भुंजेज्जा" उत्त० १६, ८; आया० २, १५, १७८;

अइमाण. पुं० (**अतिमान**) અત્યન્ત અભિમાન; સુભૂમચક્રવર્તીની માફક ઘણું અભિમાન કરવું તે. बहुत अभिमान; सुभूमचक्रवर्त्ती के समान बहुत अभिमान करना. Inordinate pride; e. g. like that of Chakra vartī Subhūma. सूय० १, ८, १८;

अइमाय. त्रि० (**अतिमात्र–मात्रामतिक्रान्तोऽतिमात्रः**) પ્રમાણ ઉપરનું; હદ ઉપરાંતનું.

मर्य्यादा से अधिक; अतिमात्र. Beyond proper limits. "पणीयं भत्तपाणं च अइमायं पाणभोयणं" उत्त० १६, ८; प्रव० ५६५; सम० ६;

अइमाया. स्त्री० (अतिमात्रा–अत्यधिका मात्रा इति) અધિક પ્રમાણ. अधिक प्रमाण. Excessive measure. " नो अइमायाए पाणभोयणं आहारित्ता भवई से निग्गंथे " उत्त० १६, ८; प्रव० ५६५;

अइमुच्छिय. त्रि० (अतिमूर्च्छित) વિષયાદિકમાં અતિઆસક્ત; સાંસારિકકાર્યમાં અતિલીન થયેલ. विषयादि में अधिक आसक्त; सांसारिककार्य्यों में अतिलीन. Too much engrossed in temporal affairs; given too much to worldly pursuits. पराह० १, ४;

अइमुत्त. पुं० (अतिमुक्त) અંતગડસૂત્રના છઠા વર્ગના ૧૫મા અધ્યયનનું નામ. अंतगड सूत्र के छठे वर्ग के १५ वें अध्ययन का नाम. Title of the fifteenth chapter of the sixth section (Varga) of the Antagaḍa Sūtra. अंत० ६,१५; (२) પોલાસપુરના વિજય રાજાનો પુત્ર, કે જે ન્હાની ઉમરમાં છોકરાઓની સાથે રમતાં ગૌતમસ્વામીને જોઈ પોતાને ઘેર તેડીલાવી આહારાદિ વ્હોરાવી સાથે સાથે સમવસરણ સુધી ગયો; ત્યાં મહાવીરનો બોધ સાંભળી વૈરાગ્ય પામી દીક્ષા લીધી. અગિયાર અંગનો અભ્યાસ કરી ઘણા વરસની પ્રવ્રજ્યા પાળી ગુણરયણતપ કરી આખર વિપુલ પર્વત ઉપર પરમ પદ પામ્યા. पोलासपुर के विजयनरपति का पुत्र, जिसने बचपन में लड़का के साथ खेलते खेलते गौतमस्वामी को देखा और अपने घर लेजाकर आहारादि समर्पण किया और साथसाथ समवसरण तक गया. वहां महावीर के उपदेश से विरक्त हो दीक्षा ग्रहण की; एकादश अंगों का अभ्यास कर चिरकाल की प्रव्रज्या पालन की और गुणरयण नामक तपकर अन्त में विपुल पर्वत पर परमपद प्राप्त किया. Son of king Vijaya of Poḷāsapura. He(Aimutta)while yet a boy listened to Mahāvīra's Sermons. He was converted and entered Nirvāṇa at Vipula Mountain after studying the Aṃgas and performing penance. अंत० ६, १५; (३) ભગવતીમાં સ્થવિર સાધુઓએ જેનામાટે સિદ્ધિવિષયક પ્રશ્ન પૂછ્યો તેપણ આને આ 'અઇમુત્ત' ત્યાં કુમાર સમણ તરીકે આલેખેલ છે એટલા માટે કે, કુમારઅવસ્થામાં ઘણી ન્હાની ઉમરમાં દીક્ષા લીધી. એટલી ન્હાની ઉમર કે, જેણે એકદા વ્હેતા પાણી આડી માટીની પાળ બાંધી, પોતાની પાતરી તેમાં તરાવી, નાવાની રમત કરવામાં સાધુપણાનો ખ્યાલ ન રાખ્યો. આ જોઈને સ્થવિરસાધુઓને તેનામાટે આશંકા થતાં, મહાવીરસ્વામીને પૂછી જોયું કે, 'અઇમુત્તકુમારસમણ' કેટલે ભવે સિદ્ધ થશે ? મહાવીરસ્વામીએ ઉત્તર આપ્યો કે, આભવમાંહીજ સિદ્ધ થશે, માટે તમો તેની હીલના ન કરો. (३) भगवतीसूत्र में स्थविर साधुओं ने जिसकी सिद्धि के सम्बन्ध में पूछा है वह भी यही "अइमुत्त" है. वहां कुमार समण नाम से उल्लेख किया गया है. इसने एकाएक छोटी अवस्था में दीक्षा ग्रहण की थी, उस समय इसका इतना बचपन था कि, एकवार बहते जल में मृत्तिका का बन्ध बांध दिया और अपनी पात्री की नौका बना तैराने लगा; उस खेल में इतना लीन होगया कि, निजसाधुत्व को भुला दिया; यह देख कर ही स्थविर साधुओं को आशंका हुई और

उन्हों ने महावीरस्वामी से पूछा कि, 'अइमुत्त कुमारसमण' कितनेक जन्म ग्रहण कर सिद्ध होगा ? तब महावीर ने उत्तर दिया कि, इसी भव में ही सिद्ध होगा इसकी अवहेलना न करो. (3) The "Kumāra Samaṇa" about whose future Siddhahood a question is asked by Sthavira monks to Mahāvīra, is identical with this same Aimutta. He is here i. e. in the Bhagavatī Sūtra styled Kumāra because he was initiated into the order at such an early age that once, forgetting his monkhood, he dammed with a little mud wall some flowing water and converting his alms-bowl into a toy boat began to play. The Sthavira monks thrown into doubt at this, questioned Mahāvīra as to his future Siddhahood. Mahāvīra told them not to mock at him, assuring them that he would become a Siddha immediately after the end of that very life. भग० ५, ४; (४) માધવીલતા. माधवी लता. a creeper known as Mādhavī. कप्प० ३, ३७; (५) તિન્દુકનું ઝાડ. तिन्दुक का वृत्त. a Tinduk-tree. ओव०जं०प० (६) તાડનું ઝાડ. ताड़ वृत्त. a Tāl-tree. ओव० जं० प०

अइमुत्तग. पुं० (**अतिमुक्तक**) માધવી વેલ. माधवी वेल. Mādhavī creeper. जीवा० ३, ४; पन्न० १; (२) પૂર્ણરીતે મુક્ત થયેલો; અતિછુટો થયેલો. पूर्णतया मुक्त. perfectly liberated. पन्न० १;—**चंद.** पुं० (**-चन्द्र**) સંપૂર્ણચંદ્રમા; રાહુથી મુક્ત થયેલો ચંદ્રમા. पूर्णचन्द्र; राहु से मुक्त चन्द्र. full moon; the moon freed from the grasp of Rāhu (eclipse). पन्न० १; (२) લુહારની ધમણ. लुहार की धोंकनी. bellows. पन्न० १;

अइमुत्तया. स्त्री० (**अतिमुक्तिका**) માધવી વેલ; વાસંતી. माधवी वेल; वासंती The Mādhavī creeper. पन्न० १;

अइमुत्तलया. स्त्री० (**अतिमुक्तलता**) માધવી-મોગરાની વેલ. मोगरे की वेल; माधवीलता. A kind of creeper; Mādhavī creeper. ओव० राय० १३७;— **मंडव.** न. (**-मण्डप**) મોગરાની વેલનો માંડવો. मोगरे की वेल का मण्डप. a bower of Mādhavī creeper. राय० १३७;

अइमोह. त्रि० (**अतिमोह**) અતિશય મોહ યુક્ત. अत्यन्त मोह से युक्त. Highly infatuated or charmed. नाया० १;

अइयंचिय. सं० कृ० अ० (**अत्यञ्च्य**) અતિક્રમણ કરીને; ઉલ્લંઘીને. अतिक्रमण करके; उलांचकर. Having trnsgressed; going beyond. ठा० ५, १;

अइयाण. न० (**अतियान**) નગરમાં પ્રવેશ કરવો તે. नगर में प्रवेश करना. Entering a town. ठा० ३, ४;— **इड्ढि.** स्त्री० (**-ऋद्धि**) રાજા નગરમાં પ્રવેશ કરે તે વખતે બજાર-હાટ પંક્તિ વગેરે શણગારવામાં આવે તે. राजा के नगर में प्रवेश करते समय बाजार-हाट वग़ैरह का शृंगार. decoration of the shops, bazars etc. at the time of a king's entry into a town. ठा० ३, ४;—**दाहा.**

स्त्री॰ (–कथा) राजाએ નગરમાં પ્રવેશ કર્યો હોય તેની કથા કહેવી–વર્ણન કરવું તે. राजा के नगर प्रवेश की कथा. narration of a king's entry into a town. ठा॰ ४, २;—**गिह.** न॰ (–गृह) નગરમાં પ્રવેશ કરતાં દરવાજા પાસે જે ઘર હોય તે. नगर में प्रवेश करते समय दरवाजे के पास जो घर हो वह घर. a house situated near the entrance of a town. ठा॰ २;

अइयाय. त्रि॰ (अतियात) રવાના થઇ ગયેલ. रवानह हुआ; प्रस्थित. Departed. " अइयाओ णराहिवो " उत्त॰ २०, ५६;

अइयायरक्ख. त्रि॰ (अत्यात्मरक्ष–अतीवाऽऽत्मनः परैः पापकर्मभिः रक्षा यस्य सोऽत्यात्मरक्षः) પાપકર્મથી આત્માને સંસારમાં રખડાવનાર. पापकर्म से आत्मा को संसार में भटकाने वाला. One who causes the soul to wander in the world by wicked Karmas (sins). " अइयायरक्खे दाहिणगामिए नेरइए " सूय॰ २, २, ५६;

अइयार. पुं॰ (अतिचार) જુઓ 'अइआर' શબ્દ. देखो " अइआर " शब्द. Vide " अइआर ". पन्न॰ १०; दस॰ ५, १, ६; (२) જે દોષથી વ્રત મલીન થાય, કે ભાંગે તેવો દોષ. वह दोष, जिससे व्रत मलिन अथवा नष्ट हो. a defect in the observance of vow which makes it violated. पन्न॰ १; उत्त॰ २६, ३६; प्रव॰ २; पंचा॰ १, ६०; (३) આધાકર્મ આશ્રી સાધુએ આધાકર્મી આહાર પાત્રમાં લીધો ત્યાંથી માંડી ઉપાશ્રયે આવી તે આહાર મોઢામાં નાખે ત્યાં સુધી અતિચાર, પછી અણાચાર. અતિક્રમ તથા વ્યતિક્રમ પછી અને અણાચાર પહેલાની જે દોષની સ્થિતિ તે; અપરાધ, કે દોષનું ત્રીજું પગથીયું. अपराध अथवा दोष का तीसरा भेद; अर्थात् दोष के चार भेद हैं-अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार, और अनाचार इन में से तीसरा भेद. the third stage of the violation of a vow. The four stages are Atikrama, Vyatikrama, Atichāra and Anāchāra. "पयभेयाइं वइक्कम्मगहिए तइएयरो-गिलिए" पिं॰ नि॰ १८२; (४) શ્રાવક વ્રતના " जंवाइद्धं " ઈત્યાદિ ૯૯ અતિચારમાનો ગમે તે એક. श्रावक के व्रतों के " जंवाइद्धं " आदि ६६ अतिचारों में का कोई भी एक अतिचार. one of the 99 acts of transgressing a layman's vow. आव॰ १, ४;—**चरण.** न॰ (–चरण) અતિચાર-દોષ વાળું ચારિત્ર. दूषित चारित्र. faulty or sinful conduct. भत्त॰ २७;

अइर. त्रि॰ (* अतिर–अतिरोहित) અ–નહિ, તિરોહિત–ઢાંકેલું–છુપાવેલું; પ્રગટ. प्रकट; नहीं छुपाया हुआ. Not concealed; manifest. पिं॰ नि॰ ५६०;

अइर. पुं॰ (*अतर–सागर) સમુદ્ર. समुद्र. The sea. सु॰ च॰ १, ३६६;

अइरत्त. पुं॰ (अतिरात्र) અધિક તિથિ; દિનવૃદ્ધિ; એકવર્ષમાં છ દિવસ વધે છે તેમાનો ગમે તે એક. अधिकतिथि; दिनवृद्धि; वर्ष में जो छः दिन बढ़ते हैं उनमें से कोई भी एक दिन. One of the six intercalary days in a calender. " छ अइरत्ता पण्णत्ता तंजहा-चउत्थे पव्वे अट्ठमे पव्वे " ठा॰ ६, १; सू॰ प॰ १२;

अइरत्तकंबला. स्त्री॰ (अतिरक्तकम्बला) મેરૂના શિખર ઉપરની એક શિલા, કે જ્યાં તીર્થંકરનો જન્માભિષેક થાય છે. मेरु पर्वत के

शिखर के ऊपरकी एक शिला, कि, जिस पर तीर्थंकर का जन्माभिषेक होता है. A stone on the summit of Meru where the birth of a Tīrthaṅkara is celebrated. ठा० २, ३;

√**अइरयाव.** धा० 1. (**अति+रच्-णि०**) બિછાનું કરાવવું; આસન ગોઠવાવવું. बिछोना कराना; आसन लगवाना. To get a bed or seat arranged.
"**अइरयावेइ**". नाया० २;
"**अइरयावेइत्ता.**" सं० कृ० नाया० २;

अइरा. स्त्री० (**अचिरा**) ૧૬મા તીર્થંકર અથવા ૫મા ચક્રવર્તી શાંતિનાથની માતા. १६वें तीर्थंकर अथवा ५ वें चक्रवर्ती शान्तिनाथ की माता का नाम. The mother of Śāntinātha the 16th Tīrthaṅkara or the 5th Chakravartī. सम०प्रव० ३२३;

अइरा. अ० (**अचिरात्**) તત્કાલ; એકદમ. तत्काल-एकदम; तुरंत. At once; immediately. विशे० १३११; पंचा० १८,५०;

अइरित्त. त्रि० (**अतिरिक्त**) ભિન્ન; જુદું. भिन्न; जुदा. Separate. पिं० नि० भा० ४; नाया० ८; पराह० २, ५; (२) અધિક; વધારે. ज़्यादह. much; more. उवा० १, ५२; विशे० ४६; ३४०;—**सेज्जासणिय.** त्रि० (**-शय्यासनिक**) પ્રમાણ ઉપરાંત આસન-પથારી રાખનાર (સાધુ). प्रमाण से अधिक बिछोना रखने वाला साधु. one (e. g. a Sādhu) who keeps a larger seat or bed than that allowed by rules. दसा० १, ७;

अइरूव. पुं० (**अतिरूप**) ભૂતદેવતાની એક જાત. भूत देवता की एक जाति. A class of infernal gods. पन्न० १०;

अइरेक. पुं० (**अतिरेक**) વધારો; વિશેષતા. विशेष; अधिकता. Excess; peculiarity. निसी० १, ४७;—**बंधण.** न० (**-बन्धन**) અધિક બંધન. ज़्यादह बन्धन. strict bondage. निसी० १, ४७;

अइरेग. पुं० (**अतिरेक**) જુઓ " अइरेक " શબ્દ. देखो 'अइरेक' शब्द. Vide 'अइरेक'. भग० ३, ३; ६, ३३; ओव० १६; ४०; ओघ० नि० ६७०; प्रव० २८३; कप्प० ३, ३४; जीवा० ३, ३; निसी० १४, ५; नाया० १;—**पडिग्गह.** पुं०न० (**-पतद्ग्रह**) પ્રમાણ ઉપરાંત પાત્ર. प्रमाण-नियम से अधिक पात्र. a receptacle or vessel exceeding proper number. वव० ८, १४;—**पमाण.** न० (**-प्रमाण**) અધિક પ્રમાણ. अधिक प्रमाण. excess of measure. निसी० ५, ७;

अइरेगयर. त्रि० (**अतिरेकतर**) અતિશય વધારે. बहुत ज़्यादह. Excessive. प्रव० ४०७;

अइरेगया. स्त्री० (**अतिरेक-ता**) અધિકતા. अधिकता. Excess; state of being in excess. पंचा० १, २४;

अइरेय. पुं० (**अतिरेक**) વિશેષતા; વધારો. अधिकता; विशेषता. Excess; particularity. नाया० १;

अइलाभ. पुं० (**अतिलाभ**) અતિલાભ; ઘણો લાભ. बहुत लाभ; ज़्यादह लाभ. Immense gain. " **अप्पिच्छया अइलाभेवि संते** " दस० ६, ३, ५;

अइलोलुअ. त्रि० (**अतिलोलुप**) અત્યન્ત લોલુપી; રસલંપટ. अत्यन्त लोलुपी; लंपट. Very covetous; of an extremely sensual nature. उत्त० ११, ५;

अइव. अ० (अतीव) બહુ; વધારે; અતિ. बहुत; ज़्यादह. Excessively. नाया० १४;

अइवइत्ता. सं० कृ० अ० (अतिव्रज्य) છોડીને; તજીને. त्यागकर. Leaving off; having left off. भग० ७, १; (२) ઉલ્લંઘીને; અતિક્રમણ કરીને. उलांघ कर; अतिक्रमण करके. having transgressed; having gone beyond. सूय० २, २, ६५; नाया० ६;

अइवईय. सं० कृ० अ० (अतिवर्त्य) ઉલ્લંઘીને. उलांघ कर. Having crossed or transgressed. क० प० ३, ४;

√ **अइवट्ट.** धा० 1. (अति×वृत्) ઉલ્લંઘવું. उलांघना. To transgress.

अइवट्टेज्जा. वि० आया० १, ५, ६, १६८;

अइवट्टण. न० (अतिवर्तन) ઉલ્લંઘન કરવું. उलांघना. Transgression. आया० १, ५, ६, १६६;

अइवट्ठि. स्त्री० (अतिवृष्टि) અતિવૃષ્ટિ; હદથી વધારે વરસાદ. आतिवृष्टि; ज़्यादह बरसात. Excessive rain. सम० ३४;

√ **अइवत्त.** धा० 1. (अति×वृत्) અતિક્રમણ કરવું; ઉલ્લંઘવું. उलांघना. To transgress; to go beyond.

अइवत्तइ. “**कंतारं अइवत्तइ**” उत्त० २७, २;

अइवत्तिय. त्रि० (अतिपातिक) નિર્દોષ; દોષ રહિત. निर्दोष; दोष राहित. Sinless; faultless. “ **अइवत्तियं अणाउट्टिं** ” आया० १, ६, १, १७;

अइवयंत. व० कृ० त्रि०(अतिव्रजत्) અતિક્રમણ કરતો. उलांघता हुआ. Transgressing. नाया० १;

√ **अइवाअ.** धा० 1. (अति×पत) નાશ કરવો; વધ કરવો; દુઃખ ઉપજાવવું. नाश करना; वध करना; दुःख देना; घात करना. To destroy; to kill; to inflict pain.

अइवाइज्ज. वि० आया० १, २, ४, ८५,

अइवाएज्जा. वि० दस० ४;

अइवायावेज्जा. णि० वि० दस० ४;

अइवाइत्ता. सं० कृ० भग० ५, ६;

अइवाइ. त्रि० (अतिपातिन्) હિંસા કરનાર; ઘાતકી. हिंसा करने वाला; घातकी. One who kills or injures. सूय० १, ५, १, ५;

अइवाइत्ता. त्रि० (अतिपातयितृ) અતિપાત-હિંસા કરનાર; નાશ કરનાર. हिंसा करने वाला; नाश करने वाला. One who kills or injures or inflicts pain. ठा० ३, १;

अइवाय. पुं० (अतिपात) હિંસા; નાશ. हिंसा. Destruction; killing; injury. भग० ७, १; उवा० १, ४५;

अइवासा. स्त्री० (आतिवर्षा) જોરનો વરસાદ; ધોધમાર વૃષ્ટિ. बड़े ज़ोर की वर्षा; मुसलधार वर्षा. Heavy rain. भग० ३, ७;

अइविगिट्ठ. न० (अतिविकृष्ट) ત્રણ, ચાર, કે તેથી વધારે ઉપવાસ ભેગા કરવા તે; આકરૂં તપ. एक साथ तीन, चार, या आधिक उपवास करना; कठोर तप. Fasting for three, four or more days continuously; severe penance. उत्त० ३६, २५१;

अइविज्ज. त्रि० (अतिविद्य) આગમના સદ્ભાવને જાણનાર. आगम के सद्भाव को जानने वाला. One knowing the essence of the Sūtras. “**तम्हा अइविज्जो णो पडिसंजलिज्जासि** ” आया० १, ४, ३, १३६;

अइवुट्ठि. स्त्री० (आतिवृष्टि) અતિવૃષ્ટિ; હદથી વધારે વરસાદ. हद से ज़्यादह वर्षा. Excessive rain. प्रव० ४५०;

अइवेग. पुं० (अतिवेग) ઉતાવળી ગતિ; ઘણી ઝડપ. शीघ्रगति; बहुतजल्दी. Great speed. नाया० १६; कप्प० ३, ४६;

अइवेलं. अ० (अतिवेलम्) વેળા-કાલ ઉલ્લંઘીને. समय को उलाघ कर. Transgressing the proper time. सूय० १, १४, १५;

अइवेला. स्त्री० (अतिवेला) સાધુના આચારની મર્યાદા. साधु के आचार की मर्यादा. Restrictions imposed upon a Sādhu in point of conduct. "**नाइवेलं विहन्नेज्जा पावदिट्ठी विहन्नई**" उत्त० २, २२;

अइसंकिलेस. पुं० (अतिसंक्लेश) ચિત્તની અત્યંત મલીનતા; સંક્લિષ્ટ-ક્ષુદ્ર મનોભાવ. चित्त की अत्यन्त मालिनता; क्षुद्रभाव. Utter debasement of mind. पंचा० १५, ६;

अइसंघट्ट. पुं० (अतिसङ्घट्ट) અત્યંત-સંઘટ્ટો-જીવોનું સંમર્દન. अत्यन्त जीवों का संमर्दन. Excessive mutual collision of living beings. प्रव० ६०२;

अइसंपओग. पुं० (अतिसम्प्रयोग) એકદ્રવ્યની સાથે બીજા દ્રવ્યનો અતિશય યોગ કરવો તે. एक द्रव्य के साथ दूसरे द्रव्य का अत्यन्त संयोग करना. Uniting too much; (e. g. one substance with another). सूय० नि० २, २, १६२;

अइसय. पु० (अतिशय) અતિશય; ઘણું; અધિક. ज्यादह; बहुत. Excess. सु० च० १०, २२६; सम० १०, नंदी० ५४; विशे० ३२१६; (२) પ્રભાવ. प्रभाव. power; prowess. सु० च० १०, २२६; नंदी० ५४; विशे० ३२१६; प्रव० ६०५;—**णाणि**. पुं० (-ज्ञानिन्) અવધિ આદિ પ્રત્યક્ષ જ્ઞાન યુક્ત. अवधिज्ञानादि प्रत्यक्षज्ञान सहित. possessed of direct visual knowledge, such as Avadhijnāna etc. वव० १;

अइसाइ. त्रि० (अतिशायिन्) કેવલ મનઃ પર્યવ અને અવધિજ્ઞાનવાળા; ચૌદપૂર્વી અને આમર્ષૌષધિ આદિ લબ્ધિ યુક્ત; પ્રભાવક પુરૂષ. केवल मनःपर्यवज्ञान और अवधिज्ञान वाला; चौदहपूर्वी और आमर्षौषधि आदि लब्धि सहित; प्रभावकपुरुष. One possessed of Kevala, Manaḥ-paryāya and Avadhi-jñāna or knowledge and also of spiritual attainments such as Āmarṣauṣadhi etc. पंचा० ५, २०;

अइसीय. त्रि० (अतिशीत) અત્યન્ત ઠંડું. बहुत ठंडा. Extremely cold. ठा० ५, १; कप्प० ४, ६५;

अइसुहुम. त्रि० (अतिसूक्ष्म) અત્યંત-બારીક. बहुत बारीक. Excessively minute. पंचा० १८, ३३;

